हनुमान भरोसा तेरा है,
श्लोक पवन पुत्र बलकारी,
ओ बाल यति ब्रम्हचारी,
दोड्या दोड्या आया थारे,
सुनलो अरजी म्हारी ।।

तेरा ही बस तेरा है,
मुझको भरोसा तेरा है,
बजरंग बाला जपु तेरी माला,
राम दूत,
हनुमान भरोसा तेरा है ।।

लाल लंगोटे वाला तू,
माँ अंजनी का लाला तू,
राम नाम मतवाला तू,
भक्तो का रखवाला तू,
सालासर तेरा भवन बना है,
हो रही जय जयकार,
भरोसा तेरा है ।।

शक्ति लक्ष्मण के लागि,
एक पल में मूर्छा आ गई,
जा करके पर्वत लाये,
सच्चा तू है अनुरागी,

घोल संजीवन लखन पिलाये,
जाग उठा बलवान,
भरोसा तेरा है।।

तूने ही लंका जारी,
और मारे अत्याचारी,
हुकुम की गीता दे डारि,
बाल यति हो ब्रम्हचारी,
अहि रावण की भुजा उखाड़ी,
लाया लखन और राम,
भरोसा तेरा है।।

बड़े बड़े कारज सारे,
दुष्टो को पल में मारे,
सच्ची भक्ति के बल से,
घट में राम दिखा डाले,
चिर सीना तू दिखलाया,
बैठे है सिया-राम,
भरोसा तेरा है।।

तेरा ही बस तेरा है,
मुझको भरोसा तेरा है,
बजरंग बाला जपु तेरी माला,
राम दूत,
बलवान भरोसा तेरा है।।

Source: https://www.bharattemples.com/hanuman-bharosa-tera-hai/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw